दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स

हिन्दी दैनिक

वर्ष-13, अंक-123 शनिवार 04 मई, 2024, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रात:कालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं।

छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

बल्लभगढ़, 03 मई, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में उद्यमिता एवं कौशल विकास केंद्र के बैनर तले एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, जनरल सेक्रेटरी दिनेश गुप्ता व कार्यवाहक कॉलेज प्राचार्य डॉ संजीव गुप्ता के दिशा-निर्देशन में समय-समय पर होते रहते हैं। प्रेस स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन उद्यमिता और कौशल विकास केंद्र के बैनर तले वाणिज्य विभाग से डॉ डिंपल और पूजा द्वारा किया गया। 10 टीमों ने तीन राउंड में प्रतिस्पर्धा की, जिनमें प्रत्येक में दो प्रतिभागी थे।

बीए प्रथम वर्ष की तनिषा शर्मा और कविता ने पहला पुरस्कार जीता, जिन्हें 500 रुपये का नकद पुरस्कार मिला, दूसरा पुरस्कार बीकॉम द्वितीय वर्ष के भरत शर्मा और कासिफ उद्दीन को मिला, जिन्हें 300 रुपये का पुरस्कार मिला और तीसरा पुरस्कार बीकॉम प्रथम वर्ष के वाविशा राठी और भूमिका को मिला, जिन्हें 200 रुपये का पुरस्कार मिला। प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता ने विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए तथा सभी 20 प्रतिभागियों को उनके सराहनीय प्रयासों के लिए बधाई दी।

www.livehindustan.com
हिन्दुस्तान
शनिवार, 4 मई 2024
02

प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में तनिषा और कविता अव्वल

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज में शुक्रवार को उद्यमिता एवं कौशल विकास केंद्र के बैनर तले एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 10 टीमों ने तीन राउंड में प्रतिस्पर्धा की, जिनमें प्रत्येक में दो प्रतिभागी थे। बीए प्रथम वर्ष की तनिषा शर्मा और कविता ने पहला पुरस्कार जीता। दूसरा पुरस्कार बी.कॉम द्वितीय वर्ष के भरत शर्मा और कासिफ उद्दीन को मिला। तीसरा पुरस्कार बीकॉम प्रथम वर्ष के भाविश राठी और भूमिका को मिला।